Regarding problems faced by fishermen of Daman and Diu Parliamentary Constituency-Laid

श्री उमेषभाई बाबूभाई पटेल (दमन और दीव) : मेरा संसदीय क्षेत्र दमण एवं दीव समुद्र किनारे स्थित है, और प्रदेश के ज्यादातर लोगों की आजीविका मछलीमारी के काम धंधे से ही चलती है और सरकार भी प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना जैसी विविध योजना के जरिए मछलीमारी के व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए प्रयास कर रही है । हमारे प्रदेश में मछलीमारी के व्यवसाय को प्रशासन पर्याप्त सहयोग प्रदान नही कर रहा है । दमण में मछुआरे पुर्तगालियों के समय से नावो को पार्क करते आये है, दिनांक 22.11.2024 को मछुआरों की सारी नावों को इस स्थान से हटाया गया था । नावो को हटाने से पूर्व कोई नोटिस तक नहीं दिया गया और जब नावों को खाली करवा रहे थे तो अधिकारियों से मैने नावो को हटाने का नोटिस या आदेश की जानकारी मांगी तो वह कह रहे थे कि यह सरकारी जमीन है । कौन से प्रदेश में मछलीमारी करने वाली बौटे सरकारी जमीन पर नही रखी जाती है? हम केंद्र सरकार से निवेदन करते है कि मछुआरो के हक और अधिकार की रक्षा करे ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति : कल शून्य काल में निशिकान्त दुबे जी के कुछ इश्यूज़ रह गए थे । निशिकान्त जी ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति : हैबी ईडन जी, आपका नोटिस मिला है और यह अभी विचाराधीन है । आप थोड़ा-सा रुकिए ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति : निशिकान्त दुबे जी, आप शुरू कीजिए ।

? (व्यवधान)

<u>12.08 hrs</u>

At this stage Sushri S. Jothimani *and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.*

डॉ. निशिकान्त दुबे (गोड्डा) : सर, ?कांग्रेस का हाथ, सोरोस के साथ ।?? (व्यवधान)

सभापति महोदय, ओसीसीआरपी के साथ, ओपेन सोसायटी फाउंडेशन के साथ कांग्रेस के रिलेशन्स हैं ।? (व्यवधान) ओसीसीआरपी को सारा पैसा ?* गवर्नमेंट और जॉर्ज सोरोस दे रहे हैं । ? (व्यवधान)

सर, मेरे दस क्वेश्चंस थे । दस में से पहला क्वेश्चन है कि ओपेन सोसायटी फाउंडेशन के सलिल शेट्टी के साथ ?भारत जोड़ो यात्रा? में राहुल गांधी गए ।? (व्यवधान) क्या उन्होंने सोरोस से पैसे लिए??

(व्यवधान)

माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण, प्लीज़, आप लोग बैठ जाइए ।

? (व्यवधान)

डॉ. निशिकान्त दुबे : सर, मेरा दूसरा सवाल है कि ओपेन सोसायटी फाउंडेशन ने अभी तक 1,000 लोगों को स्कॉलरशिप्स दी है ।? (व्यवधान) उन 1,000 बच्चों में कांग्रेस के कितने बच्चे हैं?? (व्यवधान)

माननीय सभापति : सभा की कार्यवाही सोमवार, दिनांक 9 दिसम्बर, 2024 को प्रात: 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है ।

-

12.09 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

on Monday, December 09, 2024/ Agrahayana 18, 1946 (Saka)

---

* Not recorded.